# एथनाल बनाने के लिए सरकार ने मांगे नए प्रस्ताव

नई दिल्ली : केंद्र सरकार ने एथनाल उत्पादन के लिए नई डिस्टिलरी खोलने या मौजूदा डिस्टिलरी का विस्तार करने के लिए चीनी मिलों से नए प्रस्ताव मांगे हैं। उन्हें सब्सिडी वाली दरों पर लोन मिलेगा। आवेदन 22 अक्टूबर तक किए जा सकेंगे। एथनाल का उत्पादन बढ़ाने के लिए 2018 से सरकार स्कीम चला रही है, जिसमें चीनी मिलों व डिस्टिलरी को लोन दिया जाता है। (प्रेट्र)